**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–29.12.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत के संविधान की सराहना की, कहा–यह राष्ट्र का मार्गदर्शक, जो समय की हर कसौटी पर उतरा है खरा।**

2. **पेयजल तथा स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने लगाया जनता दरबार, विकास और जन कल्याण की जतायी प्रतिबद्धता, कहा–जनता की भलाई प्राथमिकता।**

3. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर साधा निशाना, कहा–मंईयां। सम्मान के नाम पर विकास के काम ठप्प, लाभुकों को नहीं मिल रहा वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृति का लाभ।**

4. **पूर्वी सिंहभूम पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के आठ अपराधियों को किया गिरफ्तार, रांची में दो ब्राउन शुगर कारोबारी पकड़ाये।**

5. **रांची समेत राज्यभर में ठंड में बढ़ोत्तरी के आसार, अगले 24 घंटे के दौरान 2 से 4 डिग्री तक न्यूनतम पारा के गिरने का पूर्वानुमान।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 117वीं कड़ी को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं, जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का नारा देते हुए उन्होंने गंगा के निर्बाध प्रवाह की तरह अविभाजित समाज की उम्मीद भी व्यक्त की।

श्री मोदी ने एनीमेशन को लेकर इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, केटीबी, बच्चों में एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है, जिसका दूसरा सीजन बड़े ही खास अंदाज में गोवा में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में शुरू हुआ था। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में देश में मलेरिया के खिलाफ सफल लड़ाई का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने यह भी कहा कि कैंसर के इलाज में आयुष्मान भारत योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है।

*****************

पेयजल और स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने आज बोकारो जिले के मुरुबंदा स्थित आवास पर जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्यायें सुनी और उसके निराकरण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर उन्होंने विकास और जन कल्याण की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि जनता की भलाई उनकी प्राथमिकता है।

*****************

इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मंईया सम्मान के नाम पर विकास के काम ठप्प हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंईया सम्मान योजना के भुगतान के लिए राज्य के 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति पिछले 9 महीनों से नहीं मिल है, जिससे लाखों बच्चों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। श्री मरांडी ने आगे कहा कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज 7 महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भूखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिले के नगर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने बताया कि जवाहर नगर रोड नंबर 15 के पास से मोटरसाइकिल चोर गिरोह के कुल आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो फरार हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर चार मोटरसाइकिल और उसके पाट्‌र्स बरामद किये गये हैं।

*****************

राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने ब्राउन शुगर के दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार कारोबारियों के पास से 20 पुड़िया ब्राउन शुगर और देसी पिस्तौल बरामद किया गया है।

*****************

गोड्डा में तीन सदस्यीय केन्द्रीय टीम सरकार की महत्त्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना में कथित गड़बड़ी मामले की जांच कर रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

*****************

रांची–टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तमाड़ थानाक्षेत्र के कांची नदी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक ट्रक ने दो बाईक को पीछे से टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल युवकों को प्रशासन के सहयोग से रिम्स में भर्ती कराया गया है।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड में थोड़ी वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 24 घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के आसार हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 4 जनवरी तक सुबह के समय कुहासे के हालात रह सकते हैं। इस अवधि में आकाश मुख्यतः साफ रहेगा। फिलहाल रांची, जमशेदपुर और डाल्टनगंज समेत सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक चल रहा है।

***********